प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 15.10.2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

- केन्द्र सरकार के अनुसार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है।
- सुकमा जिले में दस महिला सहित सत्ताईस माओवादियों ने किया आत्मसपर्मण–इनमें से सोलह माओवादियों पर पचास लाख रूपये का इनाम घोषित था।
- बस्तर वनमंडल के आसना में राज्य के पहले वन विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी।
- राज्य शासन ने गोवर्धन पूजा पर्व पर इक्कीस अक्टूबर को राज्य में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की।

.....................................................................................

नक्सल–गृह मंत्रालय

केन्द्र सरकार ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है। छत्तीसगढ़ में अब केवल बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर ही वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिले हैं। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये आंकड़े नरेन्द्र मोदी सरकार के नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष आठ सौ से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं। जबकि, तीन सौ बारह वामपंथी उग्रवादियों को मार गिराया गया है। सोलह सौ से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए।

मंत्रालय ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रीय कार्ययोजना और नीति के कठोर कार्यान्वयन के माध्यम से इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

.....................................................................................

माओवादी आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज सत्ताईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें दस महिला माओवादी भी शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सोलह माओवादियों पर पचास लाख रूपये का इनाम भी घोषित था।

वहीं, कोंडागांव जिले में भी पांच लाख रूपये की एक इनामी महिला माओवादी गीता उर्फ कमली सलाम ने आत्मसमर्पण किया है।

आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की नई पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

इस बीच, खबर मिली है कि कांकेर जिले के कामतेड़ा बीएसएफ कैम्प में भी पचास माओवादी आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंचे हैं।

.......................................................................................

<u>बस्तर–वन विज्ञान केन्द्र</u>

बस्तर वनमंडल के आसना में राज्य के पहले वन विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी। भारत सरकार के राष्ट्रीय कैम्पा मिशन द्वारा इसकी स्वीकृति दे दी गई है। वन विज्ञान केन्द्र के संचालन, प्रशिक्षण और पाठ्यक्रमों के निर्धारण के लिए जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति में आठ विषय विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय कैम्पा की तेईसवीं क्रियान्वयन समिति की बैठक में पायलट बेसेस पर छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश में एक–एक वन विज्ञान केन्द्र शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

.......................................................................................

<u>बस्तर ओलंपिक–पंजीयन</u>

उपमुख्यमंत्री और खेल तथा युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विभागीय अधिकारियों और बस्तर संभाग के सभी जिला खेल अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान श्री साव ने बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय आयोजनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल मैदानों की उपलब्धता, उनकी मैपिंग, भोजन, यातायात, आवास, प्राथमिक चिकित्सा, निर्णायकों और रेफरियों की व्यवस्था के लिए तैयारी करने को कहा। श्री साव ने कहा कि इस बार बस्तर ओलंपिक में युवाओं की भागीदारी ऐतिहासिक रहेगी।

बस्तर ओलंपिक के तहत पंजीयन कराने की अंतिम तिथि बीस अक्टूबर निर्धारित की गई है। बस्तर ओलंपिक में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं पच्चीस अक्टूबर से शुरू होगी, जो पांच नवंबर तक आयोजित की जाएगी।

.......................................................................................

<u>छत्तीसगढ़ झांकी–चयन</u>

इकतीस अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में आयोजित होने जा रही एकता परेड में छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन किया गया है। यह झांकी बस्तर की बदलती पहचान और विकास यात्रा पर केंद्रित होगी। झांकी के माध्यम से बस्तर में हो रहे बदलाव के साथ ही संघर्ष से विकास की ओर और भय से विश्वास की ओर का संदेश दिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूची में दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ ही जम्मू–कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, मणिपुर, उत्तराखंड, पुडुचेरी, अंडमान–निकोबार द्वीप समूह, एनडीआरएफ और एनएसजी की झांकियां भी शामिल हैं। एकता परेड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह स्वयं उपस्थित रहेंगे और चयनित राज्यों की झांकियों का अवलोकन करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह झांकी न केवल बस्तर की सांस्कृतिक आत्मा को प्रदर्शित करेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, एकता और लोक गौरव की झलक भी पेश करेगी।

.......................................................................................

<u>हाईकोर्ट–मवेशी</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आज सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटनाओं को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में कोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर पूछा है कि अब तक जारी निर्देशों का कितना पालन किया गया है। कोर्ट के निर्देश के बाद बिलासपुर कलेक्टर ने शपथ पत्र पेश कर जानकारी दी है कि पहले उठाये गये कदमों पर तेजी से अमल हो रहा है। इस मामले की अगली सुनवाई अगले महीने नवंबर में होगी।

गौरतलब है कि सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लेकर संजय रजक ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने भी इस मामले को संज्ञान में लिया है।

..........................................................................................

<u>हाईकोर्ट–सीबीआई जांच</u>

वर्ष दो हजार इक्कीस में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के मामले में आज सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान राज्य शासन से पूछा कि सीबीआई की जांच कब तक पूरी हो जाएगी। कोर्ट ने छह नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई में शासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि राज्य शासन ने हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में नियुक्ति देने के आदेश के खिलाफ अपील की है, जिस पर आज सुनवाई हुई।

..........................................................................................

<u>यूनिटी मार्च–पत्रकारवार्ता</u>

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित होने जा रहे 'सरदार एट द रेट एक सौ पचास यूनिटी मार्च' के संबंध में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत की। इस अवसर पर श्री साव ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की और युवाओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 'यूनिटी मार्च' दो चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में इकतीस अक्टूबर से पच्चीस नवंबर तक

सभी जिलों में तीन दिनों तक आठ से दस किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी। इससे पहले, स्कूलों और कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता, वाद–विवाद, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां होंगी। इन पदयात्राओं का नेतृत्व राज्य कैबिनेट मंत्री, सांसद और माई भारत तथा एन.एस.एस. के अधिकारी करेंगे। श्री साव ने बताया कि इस अभियान का समापन छह दिसंबर को होगा। इच्छुक युवा इस राष्ट्रव्यापी अभियान में भाग लेने के लिए माई भारत  पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

........................................................................................

नर्सिंग महाविद्यालय–प्रवेश तिथि

प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सत्रह अक्टूबर कर दी गई है। काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस संबंध में सूचना जारी की है। इस वर्ष काउंसलिंग के जरिए  बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। काउंसलिंग, आवंटन और प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

........................................................................................

गोवर्धन पूजा–अवकाश

राज्य शासन ने गोवर्धन पूजा पर्व पर इक्कीस अक्टूबर को राज्य में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। यह अवकाश राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों और बैंकों पर लागू होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

........................................................................................

सारनाथ एक्सप्रेस–रद्द

रेलवे ने सारनाथ एक्सप्रेस को एक दिसंबर से पंद्रह फरवरी के बीच विभिन्न तिथियों में कुल छियासठ दिन रद्द करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि ठंड के दौरान कोहरे की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

.......................................................................................

तंबाकू मुक्त युवा अभियान

केन्द्र सरकार द्वारा नौ अक्टूबर से 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान थ्री प्वॉइंट ओ का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू और नशे की लत से दूर रखना, उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना और जो तंबाकू छोड़ना चाहते हैं, उन्हें सहयोग प्रदान करना है।

अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान, छात्र परामर्श सत्र, एनएसएस—एनसीसी स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण तथा तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

.......................................................................................

चैतन्य बघेल—रिमांड

शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड अवधि चौदह दिन बढ़ा दी गई है। अब वे उनतीस अक्टूबर तक जेल में रहेंगे। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद आज उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एंटी करप्शन ब्यूरो—एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो—ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश किया गया।

.......................................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल—

दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के साथ ही प्रदेश में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मानसून की छत्तीसगढ़ से विदाई हो जाएगी।

मौसम विभाग के अनुसार अगले चार–पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>